सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता मे दिनांक 11–03–2021 को सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण उपस्थिति हुएः

1. **श्री आलोक कुमार (आई0ए0एस0)** — अध्यक्ष
   सचिव
   प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ

2. **प्रो0 रचना अस्थाना,** — सदस्य
   निदेशक
   अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी फार हैण्डीकैप्ड
   कानपुर।

3. **श्री राजेश कुमार** — सदस्य सचिव
   वित्त एवं लेखाधिकारी
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
   कन्नौज।

4. **प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला** — सदस्य एवं निदेशक
   निदेशक
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
   कन्नौज

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण अनुपस्थिति रहेः

5. **प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय** — सदस्य
   कुलपति
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
   गोरखपुर।

सर्वप्रथम निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।



निदेशक
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
कन्नौज

Scanned by CamScanner

**04:01 दिनांक 02 जुलाई, 2020 को सम्पन्न वित्त समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनॉक 02–07–2020 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये वित्त समिति द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:02 दिनांक 02 जुलाई, 2020 को सम्पन्न वित्त समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 02–07–2020 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से वित्त समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

**04:03 वित्तीय वर्ष 2020–21 की अद्यतन वास्तविक व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2021–22 का व्ययनुमान की सूचना एवं अनुमोदन।**

वित्तीय वर्ष 2020–21 मे अनुमोदित बजट के सापेक्ष किये गये अद्यतन (28–02–2021 तक) वास्तविक व्यय रू0 687.94 लाख तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू0 1140.01 लाख के प्रस्तावित मदवार व्यय की व्याख्यात्मक टिप्पणियों का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा निम्न तालिका के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गयाः

(धनराशि रू0 लाख मे)

| मद सं० | विवरण | 2020–2021 मे अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2020–21 मे 28.02.2021 तक वास्तविक व्यय | 2021–22 के लिए अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | राजस्व व्यय | | | |
| 01 | वेतन एवं भत्तों पर व्यय<br>(अ) शैक्षणिक पद | 341.46 | 261.49 | 361.95 |
| | (ब) एन0पी0एस0 | 33.66 | 32.56 | 50.54 |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी (आउट सोर्सिंग) | 165.00 | 146.08 | 195.00 |
| 02 | यात्रा–भत्ता व्यय | 03.00 | 0.20 | 03.00 |
| 03 | मानदेय | 02.00 | 00.00 | 02.00 |
| 04 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 02.80 | 15.00 |
| 05 | कान्फ्रेन्स / सेमीनार / एफ0डी0पी0 | 03.00 | 0.87 | 07.00 |
| 06 | विद्युत देय | 60.00 | 36.00 | 75.00 |
| 07 | लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई | 03.00 | 0.35 | 05.00 |
| 08 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 15.00 | 12.45 | 25.00 |
| 09 | टेलीफोन / ब्राडवैण्ड पर व्यय | 25.00 | 13.51 | 20.00 |
| 10 | बस किराया | 02.00 | 0.00 | 02.00 |



निदेशक
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
कन्नौज

Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | गाड़ियों का अनुरक्षण/पेट्रोल, डीजल आदि | 03.50 | 01.74 | 04.50 |
| 12 | आंतरिक सम्प्रेक्षा (सी0ए0 आडिट) | 0.60 | 0.19 | 0.60 |
| 13 | विधिक/विविध सेवाओं पर व्यय | 02.00 | 0.39 | 03.00 |
| 14 | परामर्शदात्री सेवा फीस/चयन समिति के सदस्यों एवं विशेषज्ञों का मानदेय | 03.00 | 0.95 | 05.00 |
| 15 | विज्ञापन | 07.00 | 02.90 | 07.00 |
| 16 | अतिथि व्यय/व्यय विख्यापन | 01.00 | 0.00 | 01.00 |
| 17 | सामान्य अनुरक्षण कार्य | 15.00 | 04.61 | 15.00 |
| 18 | अतिथि व्याख्याता पारिश्रमिक | 48.00 | 36.07 | 48.00 |
| 19 | खेल–कुद एवं सांस्कृतिक क्रिया क्लाप | 03.00 | 0.23 | 05.00 |
| 20 | प्रशिक्षिण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 02.00 | 0.00 | 03.00 |
| 21 | कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर व्यय | 05.00 | 04.53 | 07.00 |
| 22 | कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी व्यय | 07.00 | 01.57 | 07.00 |
| 23 | चिकित्सा/औषधि व्यय | 03.00 | 0.51 | 05.00 |
| 24 | छात्रावास संचालन/रख–रखाव व्यय | 07.00 | 0.90 | 07.00 |
| 25 | जनरेटर अनुरक्षण/डीजल व्यय | 02.00 | 0.19 | 05.00 |
| 26 | पुस्तकालय | 02.00 | 0.23 | 10.00 |
| 27 | आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बूलेंस) का क्रय | 00.00 | 0.00 | 00.00 |
| 28 | वाटर पाइपलाइन/ समरसेबिल/ एस0टी0पी0 की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 14.00 | 06.29 | 14.00 |
| 29 | वर्चुअल लैब, स्मार्ट क्लस रूम, कम्प्यूटर लैब, नेटवर्किंग की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 16.50 | 08.39 | 16.50 |
| 30 | सेन्टर फार आल्टरनेटिव एण्ड रिन्यूएबल एनर्जी(यूपी नेडा) | 39.60 | 31.68 | 07.92 |
| 31 | विद्युत अनुरक्षण एवं रख–रखाव | 0.00 | 0.00 | 07.00 |
| | **योग** | **849.32** | **607.68** | **940.01** |
| (ब) | **पूँजीगत व्यय** | | | |
| 04:04 | लैबों की साज–सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण/फर्नीचर | 191.90 | 80.26 | 200.00 |
| | **योग** | 191.90 | 80.26 | 200.00 |
| | **महा योग** | **1041.00** | **687.94** | **1140.01** |

(अ) अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि उपरोक्तानुसार स्वीकृत बजट धनराशि के व्यय पर शासनादेश एवं वित्तीय नियमों का पालन किया जाये।

(ब) आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बूलेंस) के प्रस्ताव पर अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि जिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर शासन द्वारा संचालित आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बूलेंस) की सुचारू सुविधा संस्थान मे प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया जाये।



निदेशक
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
कन्नौज

Scanned by CamScanner

**04:05: <u>वृहद निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया जाना।</u>**

शासन द्वारा राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या–2512/16–1–2013–14(38)/2012 टी0सी0 दिनांक 01–10–2013 द्वारा रू0 5974.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी जो कुर्सी क्षेत्रफल दर वर्ष 2011 की दरों पर आधारित थी।

वर्तमान मे प्रभावी दरों के अनुसार राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज निर्माण परियोजना की पुनरीक्षित आगणन कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा 05 प्रतिशत की बचत, 12.50 प्रतिशत अधिष्ठान व्यय, 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 (वर्क टू बी डन पर ) एवं 01 प्रतिशत लेबर सेस को सम्मिलित करते हुए धनराशि रू0 14082.81 लाख का प्रस्ताव प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से शासन को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

**वित्त समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

**04:06 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, व्यय, सेवाये लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादित की सूचना।**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किए गये क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि की प्रगति आख्या तथा पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु संस्थान से प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने की सूचना से वित्त समिति अवगत हुई तथा उक्त पर संस्तुति प्रदान किया।



निदेशक
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
कन्नौज

Scanned by CamScanner

**04:07** **संस्थान मे स्थापित विभिन्न लैबों एवं अनुरक्षण कार्य पर होने वाले आकस्मिक व्यय हेतु विभागाध्यक्ष, प्रभारी, एवं छात्रावास अभिरक्षक को स्थायी अग्रिम (पी0आई0) दिये जाने पर विचार।**

संस्थान में स्थापित विभिन्न लैबों, वर्कशाप एवं अनुरक्षण कार्य, पोस्टेज आदि पर होने वाले आकस्मिक व्यय के वहन हेतु संबंधित विभागाध्यक्षों, प्रभारियों, छात्रावास अभिरक्षकों एवं कुलसचिव को रू0 5000.00 प्रति को स्थायी अग्रिम (पी0आई0) अनुमन्य किये जाने की संस्तुति वित्त समिति द्वारा दी गई।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

**(मनोज कुमार शुक्ला)**
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

**(आलोक कुमार, आई0ए0एस0)**
अध्यक्ष, वित्त समिति/
सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन

संख्याः 465/वि0स0/नि0का0/रा0इ0का0/कन्नौज/2020–21 दिनांक 16 मार्च, 2021
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, वित्त समिति, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज एवं सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय, कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
4. प्रो0 रचना अस्थाना, निदेशक, अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी फार हैण्डीकैप्ड, कानपुर।
5. वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
6. संबंधित पत्रावली।

**(मनोज कुमार शुक्ला)**
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज



Scanned by CamScanner